**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 09.09.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष किशोर पुलिस इकाई व चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा द्वारा गुम/भटके 14 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में आज दिनांक 09.09.2026 को ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU) व चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा द्वारा गुम/भटके 14 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया है । गौरतलब है कि दिनांक 07.09.2026 को यात्रा के दौरान ट्रेन में मौजूद एक यात्री ने एक बच्चे को अकेले देखकर उसके संबंध में रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर सूचना दी थी । सूचना प्राप्त होते ही आरपीएफ द्वारा बच्चे को संरक्षण में लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा को सुपुर्द किया गया था । चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा व विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU) की संयुक्त टीम द्वारा बच्चे की काउंसलिंग की गई इस दौरान बच्चे द्वारा बताया गया कि वह कानपुर में अपनी मौसी के पास रहकर पढ़ाई करता था तथा दिनांक 07.09.2026 की शाम कानपुर से ट्रेन द्वारा अपने घर जाने के लिए निकला था साथ ही बच्चे द्वारा अपने घर के संबंध में गोरखपुर देवरिया एवं जनपद मऊ की जानकारी दी गई । बच्चे के परिजनों की सही पहचान एवं पते की पुष्टि हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा द्वारा तीनों जनपदों की चाइल्ड हेल्पलाइन से संपर्क किया गया तथा जनपद मऊ की चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा बच्चे के मऊ जनपद का निवासी होने की पुष्टि की गई इसके पश्चात चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा द्वारा बच्चे के माता-पिता से संपर्क कर उन्हें बच्चे के संबंध में जानकारी दी गई । परिजनों के सत्यापन एवं आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत बच्चे को बाल कल्याण समिति बादा के समक्ष प्रस्तुत कर नियमानुसार सभी कार्यवाही पूर्ण करने के पश्चात बच्चे को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया । बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई सहित पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया ।